बिज़नेस भास्कर

Business Standard और Bloomberg की खबरों के साथ

भास्कर इन्फोग्राफिक

मैसेजिंग के लिए ओटीटी का इस्तेमाल

टेलीकॉम सेक्टर को हो सकता है 25,000 करोड़ का नुकसान

कमजोर एसएमएस नेटवर्क के चलते कंपनियां बिजनेस मैसेजिंग के लिए ओटीटी मैसेजिंग चैनल्स का रुख कर रही हैं। इससे मोबाइल फोन ऑपरेटर्स को आगामी 5 साल में दुनियाभर में बिजनेस एसएमएस से होने वाले कमाई में 25,000 करोड़ रु. का नुकसान हो सकता है।

ओटीटी मैसेजिंग ट्रैफिक बढ़ने के तीन कारण

- ओटीटी मैसेजिंग यूजर बेस का बढ़ना
- सर्विसेज की लगातार घटती लागत
- कमजोर क्वालिटी वाली एसएमएस सर्विस

(2028 के आंकड़े अनुमानित, स्रोत: जुनिपर रिसर्च)

बिजनेस ब्रीफ

जीटीएफ का हाईटेक एजुकेशन सेंटर शुरू

जयपुर | स्टॉक मार्केट एजुकेशन इंस्टीट्यूट गेट टुगेदर फाइनेंस (जीटीएफ) ने वैशाली नगर में अपना नया हाईटेक सेंटर लॉन्च किया है। जीटीएफ का जयपुर में यह दूसरा सेंटर है। इसको नए दौर के छात्रों की जरूरत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इसकी आजीवन फ्री मेंटरशिप ली जा सकती है। संस्थान की 2025 तक देश के अन्य शहरों में भी इंस्टीट्यूट खोलने की योजना है। जीटीएफ के सीईओ अरुण सिंह तंवर ने कहा कि पहले स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग की पढ़ाई का जरिया नहीं था, इससे परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसके मद्देनजर स्टॉक मार्केट एजुकेशन सेंटर की शुरुआत की गई है। इससे स्टॉक मार्केट की पढ़ाई आसान होगी।

यूफ्लेक्स की कर पूर्व आय बढ़ी

नई दिल्ली | यूफ्लेक्स लिमिटेड ने मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान ब्याज, टैक्स और डीप्रिसिएशन पूर्व आय में 9.7 फीसदी वृद्धि दर्ज की है। कंपनी का एबिटडा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 153.3 करोड़ से बढ़कर 168.1 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर राजस्व 1,720.5 करोड़ से घटकर 1,650.5 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी का कर बाद लाभ 42.7 फीसदी गिर गया। यूफ्लेक्स ग्रुप के सीएमडी अशोक चतुर्वेदी ने कहा कि दूसरी तिमाही में फ्लेक्सिबल पैकेजिंग बिक्री में वृद्धि देखने को मिली। पैकेजिंग फिल्म की तिमाही आधार पर बिक्री बढ़ी। वैसे एबिटडा मार्जिन में गिरावट आई, लेकिन तिमाही आधार पर वृद्धि दर्ज की गई।

सर्वोटेक ईवी इंफ्रा 5000 चार्जिंग प्वाइंट लगाएगी

मुंबई | सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड की सहायक कंपनी सर्वोटेक ईवी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने ईवी चार्जिंग प्वाइंट क्षेत्र में प्रवेश किया है। कंपनी 5,000 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाएगी। सर्वोटेक पावर ऑपल मार्केटिंग कंपनियों के लिए ईवी चार्जर व ईवी चार्जिंग स्टेशन प्रोवाइडर रही है। कंपनी के एमडी रमन भाटिया ने कहा कि यह कदम गेम चेंजर साबित होगा। कंपनी ईवी इंफ्रा को ईवी चार्जर सप्लाई करेगी। आने वाले वर्ष में ईवी चार्जिंग बाजार तेजी से बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि सरकार का 2030 तक सभी वाहनों में से 30% को इलेक्ट्रिक बनाने का लक्ष्य है। कंपनी के देशभर में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने से ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होगा।

उम्मीद • अमेरिका में थम सकती है दरें बढ़ना, भारत में बढ़ेगा निवेश

महंगाई कम होने से 742 अंक चढ़ा सेंसेक्स, ये तेजी टिकाऊ

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजारों में बुधवार को उछाल आया। सेंसेक्स 742 अंक चढ़कर 65,676 पर और निफ्टी 232 अंकों की तेजी के साथ 19,675 पर बंद हुआ। ये साल की छठी बड़ी बढ़त है। छोटी-मझोली कंपनियों के शेयर भी चढ़े। निफ्टी के मिडकैप 100 इंडेक्स में 0.91% और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.27% तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, ये तेजी टिक सकती है क्योंकि भारत समेत दुनियाभर में महंगाई दर उम्मीद से ज्यादा घटी है। अक्टूबर में देश में महंगाई दर पांच माह में पहली बार 5% से नीचे आई। ब्रिटेन में महंगाई दर 2 साल के निचले स्तर पर आ गई और अमेरिका में तीन माह में सबसे कम रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च हेड विनोद नायर के मुताबिक, ये बाजार में तेजी की सबसे बड़ी वजह रही।



एमएससीआई में बदलाव, भारतीय इक्विटी में आएंगे 12,500 करोड़

नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट के मुताबिक, एमएससीआई के ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में बदलाव के चलते भारतीय इक्विटी में करीब 12,500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश हो सकता है। एमएससीआई ने बुधवार को कहा कि 30 नवंबर को ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में 9 भारतीय शेयर जोड़े जाएंगे। इंडसइंड बैंक और सुजलॉन एनर्जी इनमें शामिल हैं।

बजाज फाइनेंस के ईकॉम, इंस्टा ईएमआई कार्ड लोन पर रोक

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

रिजर्व बैंक ने बजाज फाइनेंस को उसके दो लोन प्रोडक्ट्स 'ईकॉम' और 'इंस्टा ईएमआई कार्ड' के तहत लोन मंजूर करने और बांटने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। केंद्रीय बैंक की ओर से बुधवार को एक बयान जारी करके ये जानकारी दी गई। आरबीआई के मुताबिक, बजाज फाइनेंस डिजिटल लोन गाइडलाइंस के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही थी। खास तौर पर 'ईकॉम' और 'इंस्टा ईएमआई कार्ड' लोन प्रोडक्ट्स के तहत कर्ज लेने वालों को मुख्य तथ्य विवरण (की फैक्ट स्टेटमेंट्स) जारी न करने और इसमें कमियों के कारण यह एक्शन लिया गया है। केंद्रीय बैंक ने बजाज फाइनेंस की कमियां दूर करने के लिए कहा है। गैर-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी जब ये खामियां दूर कर लेगी तो रिजर्व बैंक प्रतिबंध की समीक्षा करेगा। बजाज फाइनेंस के खिलाफ की गई इस कार्रवाई के चलते बीएसई पर कंपनी के शेयर 1.84% गिरकर 7,224 रुपए पर बंद हुए, जबकि सेंसेक्स में उछाल आया।

पर्सनल फाइनेंस कॉर्नर

दिवाली खत्म, अब लगाएं 80% गैर-जरूरी खर्चों पर लगाम

दिवाली गुजर चुकी है। इस मौके पर आपने शॉपिंग और मौज-मस्ती पर काफी खर्च किया होगा। अब आपको कमाई और खर्च का हिसाब लगाकर बचत पर नए सिरे से गौर करना चाहिए। ये महत्वपूर्ण काम कैसे करना है, आइए समझते हैं...

1. संतुलन के लिए 'लेस एंड मोर' अप्रोच अपनाएं

घर का किराया, यूटिलिटीज, किराना और पेट्रोल जैसे खर्च जिन पर ज्यादा नियंत्रण नहीं होता। इन्हें छोड़कर उन खर्चों की पहचान करें, जो आपके डिस्क्रेशनैरी खर्चों का करीब 80% हिस्सा बने हुए हैं। रेस्टोरेंट जाना, फिल्में, कपड़े, फिटनेस, सेल्फ इम्प्रूवमेंट, ट्रैवल, बैंकेटी, गैजेट्स इनमें शामिल हैं। इन्हें कम करें, ताकि पसंदीदा चीजों पर भी खर्च की गुंजाइश बनी रहे। इसे 'लेस और मोर' अप्रोच कहा जाता है।

2. किसी और को जज करना बंद करें

हम में से हर कोई अपने आप में अलग है। हो सकता है आप ट्रैवल पर खर्च करना पसंद करते हों और फिटनेस पर खर्च को पैसे की बर्बादी मानते हों। लेकिन खर्च को लेकर दूसरों की सोच इसके उलट हो सकती है। इसलिए किसी और को जज करना बंद करें। इसके बजाय अपनी प्राथमिकताएं तय करें। खर्च के मामले में दोस्त, परिवार और समाज की नकल न करें। वहीं खर्च करें, जिसमें आपको मजा आता हो।

3. वैल्यू के प्रति जागरूक रहें, थोड़ा मितव्ययी बनें

ज्यादा कमाई और सिर्फ जरूरी खर्च करके पहले धीरे-धीरे बड़ा फंड जुटाएं। इसके बाद अपनी पसंद के एक या दो क्षेत्रों में सामान्य से ज्यादा खर्च करें। भारतीय मिडिल क्लास की अप्रोच को अपनाएं - वैल्यू के प्रति जागरूक रहें और मितव्ययी बनें। इससे तनाव कम होगा और समृद्धि बढ़ेगी।

4. जीवन का आनंद उठाने पर हार्ट में कंजूसी न करें

उन चीजों पर ज्यादा खर्च करें जो आपके लिए सार्थक हैं। लेकिन, उन चीजों पर खर्च में सख्ती से कटौती करें जो बिल्कुल गैर-जरूरी हैं। एक बार जब आपकी बचत दर ऊंचे स्तर पर पहुंच जाती है तो आपके फाइनेंशियल फ्यूचर पर इस बात का ज्यादा फर्क नहीं पड़ता कि आप किस तरीके से खर्च करते हैं।

दिवाली से पहले गोल्ड ईटीएफ में ताबड़तोड़ निवेश

अक्टूबर में गोल्ड ईटीएफ में आए 841 करोड़, 6 गुनी ग्रोथ

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

दिवाली से ठीक पहले निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ के जरिये सोने में काफी निवेश किया है। अक्टूबर में गोल्ड ईटीएफ में निवेश 5.7 गुना बढ़कर 841 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल अक्टूबर में गोल्ड ईटीएफ में सिर्फ 147 करोड़ निवेश किया गया था।

म्यूचुअल फंड कंपनियों के संगठन एम्फी के मुताबिक, दिवाली से एक महीने पहले रिटेल निवेशकों ने गोल्ड फंड्स का विकल्प चुना। इसके अलावा, ऑटो, यूटिलिटीज और इंश्योरेंस स्टॉक्स में भी निवेश बढ़ाया, जबकि बैंकिंग जैसे क्षेत्रों से पैसा निकालना बेहतर समझा। एक्सपर्ट्स के मुताबिक रिटेल निवेशक अब मैच्योर हो गए हैं। लंबी अवधि में ऊंचे रिटर्न करने के लिहाज से निवेश की थीम चुन रहे हैं।

यूटिलिटीज, कंज्यूमर, ऑटो, इंश्योरेंस सेक्टर भी फोकस में

मोतीलाल ओस्वाल फाइनेंशियल सर्विसेज के मुताबिक, अक्टूबर में फंड्स के सेक्टर और स्टॉक एलोकेशन में बदलाव देखा गया। रिटेल निवेशक ऑटो, यूटिलिटीज, कंज्यूमर और इंश्योरेंस सेक्टर पर दोगुना फोकस किया। वहीं, बैंक, कैपिटल गुड्स और मेटल स्टॉक्स से निवेश कम किया।

म्यूचुअल फंड्स से निकासी में 15 फीसदी की कमी

म्यूचुअल फंड के निवेश को भुनाने (रिडम्पशन) की रफ्तार में मासिक आधार पर 14.8% की कमी आई। अक्टूबर में इसका आंकड़ा 26,000 करोड़ रुपए रहा। परिणामस्वरूप अक्टूबर में नेट इन्फ्लो मासिक आधार पर 46.7% बढ़कर 22,000 करोड़ रुपए हो गया। यह सितंबर 15,500 करोड़ रुपए था।

सबसे महंगी फेरारी 434 करोड़ में नीलाम

न्यूयॉर्क | अब तक की सबसे महंगी फेरारी एक नीलामी में 4.2 करोड़ पाउंड यानी 434.57 करोड़ रुपए में बिकी। 1962 में बनी बिंटेज रेसर कार फेरारी 250 जीटीओ को सोदबी ने नीलामी के लिए रखा था, जिसके लिए एक रहस्यमयी खरीदार ने सबसे ज्यादा बोली लगाई। इस मॉडल की सिर्फ 34 कारें बनी थीं। ये कारें लंबी रेस के लिए प्रसिद्ध हैं।

खाने की चीजों की महंगाई अब भी ज्यादा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश में खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर अब भी सरकार के लिए सहूलियत वाली स्थिति से ज्यादा है। हालांकि अक्टूबर में रिटेल महंगाई दर घटकर 4.87% रह गई। केंद्र सरकार के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा, 'इसे रिजर्व बैंक के टारगेट 4% से नीचे आना चाहिए।' दरअसल अक्टूबर में खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर 6.61% रही। सितंबर में भी ये 6.62% थी। इस मामले में कोई राहत नहीं मिली। खुदरा महंगाई जिन चीजों की कीमतों के आधार पर आंकी जाती है। उसमें खाने की चीजों की हिस्सेदारी लगभग आधी है। अधिकारी ने कहा, 'हम खाने की चीजों की कीमतों में बड़ी गिरावट देखना चाहेंगे।' सब्जियां, दूध और अनाज के भाव हाल के महीनों में काफी चढ़े-उतरे हैं। पूरे एशिया में महंगाई बढ़ाने में इन्हीं चीजों की सबसे ज्यादा भूमिका रही है।

अक्टूबर में निर्यात 6.2% बढ़ा, पर आयात में 12.3% इजाफा

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

अक्टूबर में देश का निर्यात 6.21 फीसदी बढ़कर 33.57 अरब डॉलर (2.8 लाख करोड़ रुपए) का रहा। लेकिन आयात 12.29 फीसदी उछाल के साथ 65.03 अरब डॉलर (5.4 लाख करोड़ रुपए) हो गया। इसके चलते देश का व्यापार घाटा 31.46 अरब डॉलर (2.61 लाख करोड़ रुपए) के स्तर पर पहुंच गया।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2022 में 31.6 अरब डॉलर का निर्यात और 57.91 अरब डॉलर का आयात हुआ था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-अक्टूबर के बीच निर्यात 7 फीसदी घटकर 244.89 अरब डॉलर (20.34 लाख करोड़ रुपए) रहा। इस दौरान आयात भी 8.95 फीसदी कम होकर 391.96 अरब डॉलर (32.56 लाख करोड़ रुपए) रह गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि अक्टूबर के ट्रेड डेटा शोध के संकेत देते हैं। इसके बने रहने के आसार हैं।

आधार, आरसी में ग्राहकों के नाम में फर्क का खामियाजा

ईवी कंपनियों की अटकी 300 करोड़ की सब्सिडी, पर समस्या नहीं सुलझी

सुजीत दास गुप्ता | नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की सरकारी स्कीम फेम-2 के तहत 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की सब्सिडी अटकी हुई है। इससे जुड़े ज्यादातर मामले इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनियों से जुड़े हैं। इसकी वजह दिलचस्प है। कंपनियों के मुताबिक, ईवी खरीदने वाले ग्राहकों के आधार कार्ड और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) में नाम एक जैसे नहीं हैं।

कंपनियों को सब्सिडी का दावा करने के लिए सरकार और इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (आईएफसीआई) के पास चालान के साथ आधार और आरसी जमा करने होते हैं। आईएफसीआई सरकार की ओर से फेम-2 का प्रबंधन करता है। ये मसला एक और वजह से पैदा है। महाराष्ट्र जैसे राज्यों में किसी व्यक्ति के पिता का नाम अक्सर उनका मिडिल नेम होता है। आधार कार्ड इस परंपरा को दर्शाता है, लेकिन रजिस्ट्रेशन के समय उपभोक्ता अमूमन मिडिल नेम हटा देते हैं। इससे आधार आरसी में वाहन ग्राहक के नाम पूरी तरह मेल नहीं खाते।

अन्य मामलों में दस्तावेजों सरनेम की स्पेलिंग अलग-अलग पाई गई। यह भारत जैसे देश में आम समस्या है क्योंकि यहां एक ही उपनाम या सरनेम कई तरीकों से लिखे जा सकते हैं।

ऑटोमोबाइल कंपनियों ने कहा- दिसंबर, 2022 से सब्सिडी लंबित

ऑटोमोबाइल कंपनियां, खास तौर इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माताओं का कहना है कि ऐसे मामलों में सरकार इस मुद्दे पर कोई समाधान पेश किए बिना महीनों तक सब्सिडी रोकती रही है। इससे उनकी बड़ी पूंजी फंस जाती है। उनका कहना है कि ग्राहकों के नाम में विसंगति के चलते सब्सिडी दिसंबर, 2022 से ही लंबित है। इस मसले का अब तक हल नहीं निकाला गया है।

उद्योग संगठन फिक्की की सर्वे रिपोर्ट

दूसरी तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग ने पकड़ी रफ्तार, ग्रोथ बरकरार

शिवा राजौत | नई दिल्ली

घरेलू मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का बिजनेस जुलाई-सितंबर (दूसरी तिमाही) में बढ़ा है। उद्योग संगठन फिक्की की एक सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि विकसित देशों में सुस्ती के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 के बाकी महीनों में भी भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार बरकरार रहेगी।

फिक्की के सर्वे में हिस्सा लेने वाली 79% कंपनियों ने कहा कि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले सितंबर तिमाही में उत्पादन ज्यादा हुआ। फिक्की ने 330 मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के बीच सर्वे किया। इसमें बड़े, छोटे और मझोले उद्यम (एसएमई) शामिल हैं। सर्वे में शामिल कंपनियों का 10 प्रमुख सेक्टरों, मसलन ऑटोमोबाइल और पुर्जे, कैपिटल गुड्स, सीमेंट और केमिकल्स में कुल मिलाकर सालाना कारोबार 4.9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का है। जुलाई-सितंबर तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में औसतन 74% से ज्यादा क्षमता पर उत्पादन हुआ। इससे इस क्षेत्र में टिकाऊ बिजनेस ग्रोथ का संकेत मिलता है। इससे पहले की तिमाहियों में मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां औसतन 73 प्रतिशत क्षमता पर उत्पादन कर रही थीं।

ओएनजीसी लगाएगी दो बड़े पेट्रोकेमिकल प्लांट

नई दिल्ली | ओएनजीसी एक लाख करोड़ रुपए के निवेश से दो पेट्रोकेमिकल प्लांट लगाएगी। इन प्लांट्स में कच्चे तेल को सीधे हाई-वैल्यू केमिकल प्रोडक्ट्स में बदला जाएगा। कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ओएनजीसी जैसी कंपनियां समुद्र के नीचे और भूमिगत भंडार से कच्चा तेल निकालती हैं, जो ऊर्जा का एक प्राथमिक स्रोत है।

सोना 700 और चांदी 2250 रुपए चमकी

जयपुर | ग्लोबल मार्केट में मंगलवार को कीमत में आए उछाल से बुधवार को जयपुर सर्राफा बाजार में सोना स्टैंडर्ड 700 तथा 22 कैरेट जेवराती सोना 500 रुपए प्रति दस ग्राम महंगा हो गया। चांदी में 2,250 रुपए प्रति किलोग्राम की चमक रही। दूसरी तरफ, अमेरिकी वायदा एक्सचेंज कॉमेक्स में दिसंबर डिलीवरी सोना 2.90 डॉलर बढ़कर 1965.60 डॉलर तथा दिसंबर डिलीवरी चांदी 0.34 डॉलर की तेजी में 23.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही थी। **भाव :** चांदी (999) 73,850, चांदी रिफाइनरी 73,350 रुपए प्रति किलो। सोना स्टैंडर्ड 62,200 रुपए, सोना जेवराती 59,000 तथा वायदी 56,000 रुपए प्रति दस ग्राम।

SKJ Jewellers VAISHALI NAGAR 0141-4005001 VIDHYADHAR NAGAR 0141-2320779

भास्कर खास • बी-स्कूलों में दाखिले के लिए कैट एग्जाम देने वाले हर साल 25-30% बढ़ रहे

कंपनियों की बदलती जरूरतों के हिसाब से खुद को ढाल रहे बिजनेस स्कूल, पर बदलाव की गति इंडस्ट्री से धीमी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

आईआईएम और देश के अन्य टॉप बिजनेस स्कूलों के एमबीए, पीजीपी कोर्स में दाखिले के लिए कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) देने वाले स्टूडेंट्स सालाना 25-30% बढ़ रहे हैं। बी-स्कूल भी ज्यादा स्टूडेंट्स को दाखिला देने के लिए अपने बैच का आकार 50% से ज्यादा बढ़ा रहे हैं। लेकिन एमबीए की डिग्री लेने का इरादा जितना ऊंचा है, करिअर उतना ही अच्छा नहीं है। एक अग्रणी कंज्यूमर टेक स्टार्ट-अप, जो कुछ टियर-2 बिजनेस स्कूलों में कैम्पस सिलेक्शन के लिए नियमित रूप से आता रहा है, उसने इस साल हायरिंग की रणनीति बदल दी। उसने प्लेसमेंट ऑफर देने के बजाय चयनित स्टूडेंट्स को छह माह के लिए कलेर इंटर्न नियुक्त करने का फैसला किया। छात्रों को बताया गया कि कंपनी उन्हें ट्रेनिंग देगी। फिर उनके प्रदर्शन के आधार पर जॉब की पुष्टि करेगी। एचआर हेड की दलील है कि उन्हें यकीन नहीं है कि स्टूडेंट्स के पास तेजी से बढ़ते बिजनेस की जटिलताओं को संभालने के लिए जरूरी स्किल-सेट है। आईआईएम, उदयपुर के पूर्व निदेशक जनत शाह कहते हैं, 'बिजनेस स्कूल नई जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इंडस्ट्री के मुकाबले इन शैक्षणिक संस्थानों में बदलाव की रफ्तार धीमी है। ज्यादातर बिजनेस स्कूल नए जमाने की क्षमताओं वाली फैकल्टी नियुक्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्हें उचित वेतन देने पर भी पाबंदियां हैं।' एड टेक कंपनी उडेमी के सीईओ रोग बाउन इससे सहमत हैं। उन्होंने कहा, 'हाल में जिन कंपनियों ने बी-स्कूलों से स्टूडेंट्स हायर किए, उनमें से ज्यादातर बहुत खुश नहीं थे। उन्हें स्टूडेंट्स में जरूरी स्किल सेट नहीं मिले। ऐसे में कंपनियों को स्किल बढ़ाने में अलग से निवेश करना पड़ता है। यह समस्या अमेरिका में भी है।'

प्रॉब्लम सॉल्वर नहीं, बेहतर निर्णय लेने वालों की तलाश

आईआईएम अहमदाबाद के चेयरपर्सन (पीजीपीएक्स) अमित कर्ण ने कहा, 'इंडस्ट्री नए जमाने के मैनेजरों में समस्या हल करने वालों की जगह बेहतर निर्णय लेने वालों की तलाश कर रही है। ये समस्या एआई के जरिये हल की जा सकती है। स्किल्स सीखने और स्किल बढ़ाने की भूख वाले लोगों की तलाश में हैं। वे जानते हैं कि मौजूदा स्किल 5-6 साल में गैर-जरूरी हो जाएंगी।'

उत्तर मध्य रेलवे G20

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु अन्तर्गत (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना सं.	अनुमानित लागत (₹)	अमानत राशि (₹)
झाँसी-इन्जी.-मुख्यालय-2023-153	₹ 12589135.16	₹ 213000.00

कार्य का नाम: मैन्युअल हीप खाली निम ऑफ झाँसी यार्ड लाइनस (8,16 लिनों) अंडर स्टीईएम एवाएयू-1 एवं डिवीजन।

झाँसी-इन्जी.-मुख्यालय-2023-155	₹ 16550077.17	₹ 332000.00

कार्य का नाम: वीआरएमएस सर्वाधिक यार्ड-टोटोजमार (एवाएस + सीएस + सीएमएससी) - 32 सेट्स (1:12-16 सेट्स & 18.5-16 सेट्स)।

उपरोक्त दोनों निविदाओं हेतु निविदा बंद होने की तिथि: 07.12.2023 को 15.00 hrs. स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: क्रमशः 12 माह एवं 08 माह है। • निविदा दिनांक 07.12.2023 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

1843/23 FA

North central railways @CPRONCR www.northcentralrailway.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे G20

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये (ई-निविदा) प्रपत्र पर दिनांक 5.12.2023 को 13:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

निविदा सं.	अनुमानित मूल्य (रु.)	धरोहर की राशि (रु.)	कार्य समापन की अवधि
257	2,24,28,485.90	2,62,200.00	10 माह

कार्य का विवरण: सहायक मण्डल अभियन्ता/द्वितीय/कानपुर के तहत प्रयागराज मण्डल के कानपुर स्टेशन पर सिग्नल एवं टेलीकॉम विभाग के इस.एस.ई. के लिए कार्यालय और स्टोर का निर्माण तथा जूटी में खेले गये नये संवाइनी डिपो के लिए नए स्टोर भवनों के प्रावधान का कार्य।

निविदा खुलने की तिथि: 05.12.2023, इलेक्ट्रॉनिकली ऑथराइजिंग के अन्तर्गत सिग्नल कार्य-विशेष कार्य, भाग : 1. अन्य लाइन निविदा दिनांक 05.12.2023 को 13:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:00 बजे टेण्डर खुलने की तिथि 05.12.2023 तक उपलब्ध है।

1848/23 (P)

North central railways www.northcentralrailway.gov.in @northcentralrailway X @CPRONCR

पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड

(पंजी. कार्यालय : पेडराईबी मुख्य कार्यालय, द मॉल, पटियाला)

कॉर्पोरेट पहचान संख्या : (CIN)U40109PB2010SGC033813

वेबसाइट: www.pspcl.in, सम्पर्क सं.: 96461-22227

निविदा आह्वान सं. 76/सीई/डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स/आरएडीएस/2023-24 दिनांक : 15.11.2023

सीई/ डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स वितरण सुविधाओं वाले के विकास के लिए 16 अलग पैकेज (पैकेज-18 मंडला, पैकेज-19- बालाचौर, पैकेज-20- मलेरकोटला, पैकेज-21-पटियाला-1, पैकेज- 22-पटियाला-2, पैकेज-23-कपूरथला, पैकेज-24-मोहाली-1, पैकेज-25-मोहाली-2, पैकेज-26-भटिंडा-1,पैकेज-27-भटिंडा-2, पैकेज-28-बाघा, पैकेज-29-फरीदकोट, पैकेज-30- मोगा, पैकेज-31-फिरोजपुर, पैकेज-32- फाजिल्का पैकेज-33- मुक्तसर साहिब) पंजाब के शहर-आधारित और परिधान-निकट के तहत, पुनर्संरचित वितरण क्षेत्र योजना के लिए प्रतिष्ठित और अनुभवी फर्मों से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है।

विस्तृत एनआईटी और निविदा विशिष्टताओं के लिए कृपया 15.11.2023 से https://eproc.punjab.gov.in देखें

नोट:- तुटिहार और परिशिष्ट, यदि कोई हो, https://eproc.punjab.gov.in पर अपलोड प्रकाशित किया जाएगा।

उत्तर मध्य रेलवे G20

निविदा सूचना सं.0420233024 दिनांक : 13.11.2023

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये (ई-निविदा) प्रपत्र पर दिनांक 5.12.2023 को 13:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

निविदा सं.	अनुमानित मूल्य (रु.)	धरोहर की राशि (रु.)	कार्य समापन की अवधि
257	2,24,28,485.90	2,62,200.00	10 माह

कार्य का विवरण: सहायक मण्डल अभियन्ता/द्वितीय/कानपुर के तहत प्रयागराज मण्डल के कानपुर स्टेशन पर सिग्नल एवं टेलीकॉम विभाग के इस.एस.ई. के लिए कार्यालय और स्टोर का निर्माण तथा जूटी में खेले गये नये संवाइनी डिपो के लिए नए स्टोर भवनों के प्रावधान का कार्य।

निविदा खुलने की तिथि: 05.12.2023, इलेक्ट्रॉनिकली ऑथराइजिंग के अन्तर्गत सिग्नल कार्य-विशेष कार्य, भाग : 1. अन्य लाइन निविदा दिनांक 05.12.2023 को 13:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:00 बजे टेण्डर खुलने की तिथि 05.12.2023 तक उपलब्ध है।

1849/23 (P)

North central railways www.northcentralrailway.gov.in @northcentralrailway X @CPRONCR